हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शनिवार 2 अगस्त 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट


तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री


12 जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बसोड़ के सेवानिवृत्त होने पर दी गई ...



10 अवैध निर्माण पर होगी कार्रवाई, गंदगी ...




# बिजली की नई दर लागू, 100 यूनिट पर 50 रुपए अधिक खर्च होंगे

## उपयोग करना होगा महंगा, 400 यूनिट तक खपत पर बिजली बिल में 50 प्रतिशत की छूट रहेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग ने बिजली की दरों में परिवर्तन कर दिया है। उपभोक्ताओं को 300 से 400 यूनिट की खपत पर 30 से 50 रुपए तक अधिक देना पड़ेगा। वहीं 500 से 600 यूनिट पर 70 रुपए तक ज्यादा भुगतान करना पड़ेगा। जाहिर है इससे उपभोक्ताओं की जेब ढीली होना तय है। इसका विरोध भी हो रहा है, लेकिन कंपनी द्वारा दर लागू होने के बाद इस अगस्त माह में बिजली बिल नई दरों के साथ ही मिलेंगे। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग ने आम उपभोक्ताओं को बिजली का झटका दे दिया है। अगर आप 300 से 400 यूनिट तक बिजली की खपत करते हैं तो अगस्त के बिल में 50 रुपए तक की राशि जुड़ जाएगी। इसी तरह से 500 से 600 यूनिट तक खपत होने पर 60 व 70 रुपए अतिरिक्त देना पड़ेगा। आयोग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बिजली की नई दरों को स्वीकृति दे दी है। यह एक जुलाई 2025 से प्रभावशील लागू हो चुकी है। विद्युत वितरण कंपनी के अनुसार एक यूनिट बिजली की उत्पादन लागत जहां 7.20 रुपए है। वहीं घरेलू उपभोक्ताओं को यह न्यूनतम 4.10 रुपए प्रति यूनिट की दर से दी जा रही है। बिजली अधिकारियों का कहना है कि भले ही आयोग ने 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट की बढ़ोत्तरी की है, लेकिन अभी तक ट्रैफिक बुक ▶▶| शेष पेज 11 पर

### सभी श्रेणियों में बढ़ेगा बिल

सभी श्रेणियों के उपभोक्ताओं के लिए बिजली दरें बढ़ा दी गई है। घरेलू उपभोक्ताओं की बिजली दरें 10-20 पैसे प्रति यूनिट बढ़ाई गई है। वहीं गैर घरेलू उपभोक्ताओं को औसत 25 पैसे प्रति यूनिट का झटका दिया गया है। इसके अलावा कृषि पम्पों के उपभोक्ताओं के लिए 50 पैसे प्रति यूनिट बिजली दरें बढ़ाई गाई है। विद्युत नियामक आयोग ने नया टैरिफ रेट 1 जुलाई से लागू किया है, भले ही नई दरों की घोषणा 11 जुलाई को की गई है।



स्व सहायता समूह को 10 प्रतिशत की छूट

| यूनिट | वर्तमान दरें राशि |
|---|---|
| 101-200 - | 3.90 पैस 390 रुपए |
| 201-400 - | 4.10 410-820 रुपए |
| 401-600 - | 5.50 1105-2200 रुपए |
| 601+ - | 8.10 4868.1 रुपए |

| नई कर राशि |
|---|
| 4.10 410 |
| 4.20 424.2 |
| 5.60 1125.6 |
| 6.50 26065-3900 |
| 6.60 2646.6 |
| 8.30 4988.3 |

इलेक्ट्रिक चार्जिंग यूनिट लगाने वालों से बिजली 7.02 रुपए प्रति यूनिट रहेगी। पजीकृत महिला स्वसहायता समूहों को ऊर्जा प्रभार में 10 प्रतिशत की छूट। बायोमास बिकेट्स यूनिट को निम्न दाब उपभोक्ता में शामिल किया गया। वहीं उच्च दाब में उपभोक्ता यानी इस्पात उद्योगों को लोड फैक्टर पर रियायत 50 से।

## खबर संक्षेप

### सूने मकान में चोरी करने वाले आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** वैशाली नगर पुलिस ने सूने मकान को निशाना बनाकर चोरी करने वाले दो आरोपियों को जेल भेजा है। पुलिस ने बताया कि प्रमोद कुमार साहू ने 22 जुलाई को चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया कि वो बीते मई माह में अपने गृहग्राम कमंदा थाना डोंगरगांव गया था। वहां वो कई दिन तक रुका। इस दौरान उसके पड़ोसी फोन पर सूचना दी कि उसके घर का ताला टूटा हुआ है। प्रमोद तुरंत भिलाई आया और घर पहुंचकर देखा कि उसके घर का ताला टूटा पड़ा है। अंदर जाकर देखा तो पुरानी इस्तेमाली टीवी, गैस सिलेंडर, फर्नीचर सब चोरी हो गया था। वैशाली पुलिस ने मामले की विवेचना कर चोटी की टीवी बेचने निकले एक आरोपी को पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम दिनेश ठाकुर उर्फ दीनू और तरुण दिक्षित उर्फ लाला बताया। उन्होंने बताया कि उन्होंने प्रमोद साहू के मकान में चोरी की। पुलिस ने उनके पास से बाकी का सामान भी जब्त कर लिया है।

### धोखाधड़ी के मामले में जुनवानी का विजय कुमार गिरफ्तार

**भिलाई।** राजनांदगांव जिले के सोमनी थाना अंतर्गत सांकरा में जमीन के सौदे में धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने जुनवानी भिलाई निवासी पी विजय कुमार को गिरफ्तार किया। उसके विरुद्ध धारा 420 के तरह अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि सांकरा बालाजी ड्रीम सिटी में प्लाट विक्रय हो रहा था, जिसकी खरीदी के लिए पी. विजय कुमार के माध्यम-से बालाजी ड्रीम सिटी टेडेसरा अवासीय प्लाट ब्लाक ए-प्लाट नंबर 72 रकबा 2256.28 वर्गफिट को विक्रय करने का 15.56 लाख में सौदा कर बयाना के लिए 11.27 लाख रुपए दिए गए। कुल 13.69 लाख में सौदाकर बयाना और अन्य खर्च के लिए कुल 5.71 लाख रुपए दिए गए। आरोपी द्वारा प्रार्थीगण को उक्त प्लाट की रजिस्ट्री कराने के नाम पर छल पूर्वक विक्रय पत्र तैयार किया गया। मुख्तयारनामा भी बनाया गया। रजिस्ट्री कार्यालय में पंजीकरण का ड्रामा करके छल से आम मुख्तारनामा के कागज बनवाकर 16.98 लाख की धोखाधड़ी की गई। बहरहाल मामले में पुलिस की जांच जारी है।

### महिला समूह से धोखाधड़ी पुलिस ने आरोपियों को किया गिरफ्तार



**भिलाई।** सुपेला पुलिस ने महिला समूह के नाम पर लोन लेने और फिर उसे ना पटाकर धोखाधड़ी करने वाले आरोपी महिला पुरुष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस ने इस मामले में पहले ही दो लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। सुपेला पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक पूर्णिमा चौहान नाम की महिला ने 25 जुलाई को थाने में धोखाधड़ी की शिकायत की है। उसने बताया कि नेमा गोस्वामी, ईश्वरी गोस्वामी, योगिता गोस्वामी और भरत गोस्वामी ने मिलकर उसके समूह की महिलाओं को झांसे में लिया। इसके बाद अपनी बीमारी का वास्ता देकर समूह के नाम पर बैंक फायनेंस कराया। उन्होंने कहा था कि लोग को वो लोग चुकता कर देंगे, लेकिन बाद में किस्त अदा नहीं की। मामला सही पाए जाने पर पुलिस ने आरोपी योगिता गोस्वामी, भरत गोस्वामी को पूछताछ के लिए थाने बुलाया। इस पर उन्होंने स्वीकार किया तो उन्होंने बेटी योगिता गोस्वामी और दामाद भरत गोस्वामी के साथ मिलकर दो माह पहले स्मॉल बैंक फायनेश के माध्यम से महिला समूह के नाम पर लोन दिलवाया था। नेमा गोस्वामी और ईश्वरी गोस्वामी को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

## कार्रवाई : ग्राम हेमाबंद के आसपास आरोपी डिकेश्वर की संदिग्ध गतिविधि से हुई शंका

# शिक्षक की हत्या की गुत्थी सुलझी, पैतृक जमीन विवाद बना वजह, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

हेमाबंद हाईस्कूल में पदस्थ शिक्षक सतीश राय की दिन दहाड़े हुई हत्या को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर सुलझा लिया है। दो आरोपियों डिकेश्वर राय और उसके दादा जीवनलाल राय को गिरफ्तार कर लिया गया है। खुलासा हुआ है कि हत्या को बेहद योजनाबद्ध तरीके से अंजाम दिया गया और पैतृक जमीन विवाद के चलते आरोपियों ने इस जघन्य घटना को अंजाम दिया।

■ मोबाइल बंद कर रख रहा था शिक्षक पर नजर

मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को हत्या से पहले डिकेश्वर राय को कई परिचित परिजनों ने हेमाबंद स्कूल के आसपास संदिग्ध रूप से घूमते देखा था। कुछ लोगों को उसकी गतिविधियां असामान्य लगीं, लेकिन तब किसी को अंदेशा नहीं था कि वह हत्या की फिराक में है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, डिकेश्वर ने जानबूझकर अपना मोबाइल बंद कर दिया था, ताकि उसकी लोकेशन ट्रेस न हो सके। वह सुबह से ही दाढ़ी क्षेत्र में रहकर सतीश राय के स्कूल पहुंचने की पुष्टि कर रहा था। जैसे ही उसे पक्का हुआ कि शिक्षक स्कूल आ गए हैं, वह अपने दादा जीवनलाल के साथ फरसा लेकर मोटरसाइकिल पर निकल पड़ा। दोनों ने करचुवा और गर्रा के बीच घात लगाकर शिक्षक का इंतजार किया और जैसे ही वे लौटते दिखे, डिकेश्वर ने तीन बार फरसे से सिर पर वार कर उसकी हत्या कर दी।



### स्थानीयों की सतर्कता और परिजनों की पूर्व शिकायत से टूटा केस

घटना के बाद जब शिक्षक का शव मिला, तभी मृतक की पत्नी सुषमा राय ने पुराने जमीन विवाद को लेकर जीवनलाल और डिकेश्वर पर शक जताया था। इसके साथ ही कुछ स्थानीय ग्रामीणों ने भी पुलिस को सूचना दी कि उन्होंने डिकेश्वर को घटना से पहले क्षेत्र में संदिग्ध रूप से घूमते देखा था। इन इनपुट्स और मोबाइल ऑफ होने की पुष्टि के आधार पर पुलिस ने संदेहियों को हिरासत में लेकर गहन पूछताछ शुरू की। पूछताछ में दोनों ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। उनकी निशानदेही पर फरसा और हत्या में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त की गई।

### हत्या के पीछे जमीन का विवाद आरोपी रिश्तेदार ही निकले

मृतक और आरोपी एक ही परिवार के सदस्य हैं। पैतृक जमीन को लेकर लंबे समय से चल रहा विवाद हत्या की वजह बना। शिक्षक सतीश राय की पत्नी ने पूर्व में इस विषय पर पुलिस को शिकायत भी दी थी।

### योजना के तहत की हत्या

हत्या पूरी तरह से पूर्व नियोजित थी। आरोपी डिकेश्वर ने सतीश की स्कूल में मौजूदगी की निगरानी की। लौटते समय सुनसान स्थान पर घात लगाकर फरसे से हमला किया गया। तकनीकी साक्ष्य, गवाहों के बयान और परिजनों की शिकायत के आधार पर दोनों आरोपियों को 24 घंटे में गिरफ्तार किया गया है।

— **मनोज तिर्की, एसडीओपी, बेमेतरा**

# बिना लाइसेंस दवाई का भंडार औषधि विभाग ने की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

खाद्य एवं औषधि विभाग ने जिले के नवागढ़ ब्लॉक अंतर्गत ग्राम एरमशाही, पोस्ट घुरसेना, तहसील नांदघाट में बड़ी कार्रवाई की है। प्रशासन को प्राप्त एक गोपनीय शिकायत के आधार पर संबंधित स्थान पर जब जांच की गई तो वहां देवेन्द्र पिता गजाधर साहू द्वारा बिना किसी वैध औषधि लाइसेंस के विभिन्न प्रकार की दवाइयों का भंडारण किया जा रहा था। यह संधारण औषधि अधिनियम 1940 का स्पष्ट उल्लंघन था।

■ जब्त दवाइयों की कीमत लगभग 16,887 आंकी गई

खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने मौके पर पहुंचकर विधिवत जांच की तथा बिना लाइसेंस के रखी गई समस्त औषधियों को जब्त किया। साथ ही निर्धारित प्रक्रिया अनुसार औषधियों के नमूने लेकर परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजे गए हैं। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार जब्त की गई दवाइयों की बाजार कीमत लगभग 16,887 आंकी गई है। यह कार्रवाई औषधि निरीक्षक श्रुति लकड़ा एवं धनीराम पटेल के नेतृत्व में विभागीय टीम द्वारा की गई। विभाग ने स्पष्ट किया है कि बिना अनुज्ञप्ति के औषधियों का क्रय-विक्रय एवं भंडारण न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि इससे आमजन के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने जिले के समस्त औषधि व्यवसायियों एवं आम जनता से अपील की है कि वे केवल लाइसेंसधारी विक्रेताओं से ही औषधियों की खरीद करें तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी तत्काल विभाग को दें, ताकि त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। जिला प्रशासन ने यह भी संकेत दिया है कि आगे भी औषधि एवं खाद्य प्रतिष्ठानों पर इसी प्रकार निरीक्षण जारी रहेंगे और उल्लंघन पाए जाने पर कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# महिलाओं के सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण के लिए महतारी सदन है मजबूत कदम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महिलाओं के सामाजिक व आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने हेतु ग्राम पंचायतों में महतारी सदन का निर्माण किया जा रहा है। इसी कड़ी में बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जेवरी में 24 लाख 70 हजार रुपये की लागत से बनने वाले सर्वसुविधायुक्त महतारी सदन का भूमि पूजन आयोजित किया गया। इस अवसर पर विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। विधायक साहू ने मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना कर भूमि पूजन किया। कार्यक्रम में उन्होंने कहा महतारी सदन केवल एक भवन नहीं, बल्कि यह महिलाओं की आत्मनिर्भरता और सामाजिक भागीदारी का प्रतीक है।

■ विधायक ने जेवरी में 24.70 लाख से बनने वाले सर्वसुविधायुक्त महतारी सदन का किया भूमि पूजन

ग्राम जेवरी सहित पूरे विधानसभा क्षेत्र में महिलाओं को अब अपने सामूहिक कार्यों, बैठकों और आर्थिक गतिविधियों के लिए एक सुरक्षित व सुविधाजनक स्थान मिलेगा। यह केंद्र महिलाओं की उन्नति की आधारशिला बनेगा। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार गांव, गरीब और किसान के साथ-साथ महिलाओं के उत्थान के लिए लगातार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। महतारी वंदन योजना जैसे नवाचारों से महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं और महतारी सदन जैसे ढांचागत विकास कार्यों से अब उन्हें सामाजिक मंच भी उपलब्ध हो रहा है। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष हेमा जय दिवाकर, गजानन साहू ग्रामीण मंडल अध्यक्ष, कांति प्रकाश साहू सरपंच, छोटूराम साहू, युगल देवांगन, डेरहा देवांगन, महामंत्री भागीराम साहू, कुबेर साहू, शत्रुघ्न साहू, लक्ष्मी साहू, टोप सिंह टंडन, छत्र कुमार देवांगन, रोहित साहू, बल्लू शुक्ला, रेवाराम निषाद, प्रकाश साहू, प्रताप सिंह साहू, बसंत साहू, पवन साहू, मेहतरू डंडे , डोमन साहू, छन्नू साहू, नीलू सिंह, उत्तम साहू, रवेंद्र साहू, महेंद्र साहू, बावा पाटिल, बहादुर साहू एसडीओ मैडम, विभागीय इंजीनियर, अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# भेंडरवानी में इनोवेशन हाजरी चैंपियन को सम्मानित किया

**बेमेतरा।** विकासखंड साजा के शासकीय प्राथमिक शाला भेंडरवानी में छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए एक नई पहल 'इनोवेशन हाजरी चैंपियन' शुरू की गई है। इस पहल के तहत उन छात्रों को सम्मानित किया गया, जो न केवल नियमित रूप से स्कूल आए, बल्कि कक्षा में भी अपनी रचनात्मक सोच, अनुशासन और गतिविधियों में आगे रहे। इस महीने के 'इनोवेशन हाजरी चैंपियन' में नितिन, तिलेश्वरी, वामिनी, नारायण, खेलन, तुलेश्वरी, पोषण साधना, नैतिक और स्वाति को सम्मानित किया गया है। विद्यालय के प्रधान पाठक अर्जुन वर्मा ने बताया कि इस पुरस्कार का उद्देश्य सिर्फ उपस्थिति को बढ़ावा देना नहीं, बल्कि छात्रों में जिम्मेदारी, निरंतरता और नवाचार की भावना को मजबूत करना है, ताकि वे समाज के लिए जिम्मेदार और रचनात्मक नागरिक बन सकें। स्कूल में हर महीने ऐसे चैंपियन चुने और सम्मानित किए जाएंगे।



# बेमेतरा पुलिस ने आरक्षक यशपाल को दी श्रद्धांजलि



**बेमेतरा।** विशेष शाखा बेमेतरा में पदस्थ रहे आरक्षक यशपाल राजपूत के आकस्मिक निधन पर पुलिस ऑफिसर्स मेस परिसर में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। पुलिस विभाग ने यशपाल राजपूत को याद करते हुए कहा कि वे आसूचना संकलन जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को पूरी ईमानदारी, लगन और मेहनत से करते थे। वे अपने काम के प्रति बेहद अनुशासित और समर्पित थे, जिससे विभाग को हमेशा लाभ मिला।

उनके अचानक निधन से बेमेतरा पुलिस को एक बड़ी और अपूरणीय क्षति हुई है। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, रक्षित निरीक्षक प्रवीण खलखो और अन्य कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।



## गड़बड़ी छिपाने ठेकेदार ने दरारों में भरी पुट्टी, बावजूद लापरवाही आयी सामने

# नवनिर्मित स्कूल भवन में कई दरारें, गुणवत्ता पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन मंडी बोर्ड दुर्ग के अंतर्गत जिला बेमेतरा के विकासखण्ड साजा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट योजनान्तर्गत राजीव गांधी अंग्रेजी व हिंदी माध्यमिक विद्यालय परपोड़ी के नवनिर्माण भवन में दर्जनों स्थानों पर दरारें आने से गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। घटिया निर्माण के चलते ठेकेदार द्वारा शासन-प्रशासन को खुलेआम चुना लगा कर पलीता लगाने का काम किया गया। वहीं विभागीय अधिकारियों द्वारा मौक़ायना जांच व निरीक्षण की कमी के चलते ठेकेदार की मनमानी सामने आयी है। स्कूल के दीवारों में अपनी गुणवत्ताहीन कार्य को छिपाने के लिए पुट्ठी के माध्यम से सफेद चुना चढ़ा दिया गया, जिससे संबंधित विभागीय इससे अनजान और बेखबर हो गए। इससे अन्दाजा लगाया जा सकता है कि अभी से घटिया निर्माण की आईना सामने आ रहे हैं वह कितने वर्ष के बाद नींव गिर सकती है। स्थानीय लोगों का मानना है कि प्रशासकीय लागत लाखों रुपये होने के बाद भी ठेकेदार द्वारा घटिया निर्माण किया जाना विद्यार्थियों के जीवन को खतरे में डाल रहे हैं।



वर्तमान में सीमेंट की मसालों से या फिर पुट्ठी की सफेद चादर चढ़ा देने से दरार को छिपा दिया गया। सम्बंधित विभागीय आला अधिकारी ईई, एसडीओ व इंजीनियर इस पर कोई पहल न करना कहीं न कहीं घटिया निर्माण कार्य हुआ होगा। जिसके कारण सेजेस स्कूल परपोड़ी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। विदित हो कि साजा विकासखण्ड की सेजेस स्कूल परपोड़ी की बात है जहां पर नवनिर्माण भवन लोकार्पण के समय से पहले ही दीवारों में दरारें पड़ने लगीं थी। ठेकेदार ने भवन निर्माण में बिना नियम मानक माप दण्डो को दरकिनार कर भवन निर्माण में गुणवत्ता की अनदेखी की और घटिया मटेरियल का इस्तेमाल किया। अधिकारियों ने उसकी मनमानी रोकने की जरूरत महसूस नहीं की, जिसका खामियाजा अब बच्चों और शिक्षकों को भुगतना पड़ सकता है।

### जानकारी के बाद पालकों में चिंता

नवनिर्माण स्कूल भवन घटिया निर्माण व गुणवत्ताहीन निर्माण के साथ भवन में आई दरारों की जानकारी होने पर अभिभावकों की बच्चे स्कूल में सैकड़ों छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं, जिनके पालकों में भी बच्चों की सुरक्षा को लेकर भय बढ़ता जा रहा है। बिना मॉनिटरिंग के निर्माण कार्य व मजदूरों के भरोसे भवन की निर्माण कार्य में गुणवत्ताहीन निर्माण होना दर्जनों जगहों पर दरार पड़ गए है। कार्य एजेंसी ठेकेदार स्कूल जैसे भवन जहां सैकडों छात्र-छात्राएं की जान जोखिम में डालने की काम किया गया।

## खबर संक्षेप

### जिला साहू संघ की वार्षिक आमसभा 3 को

**दुर्ग।** जिला साहू संघ की वार्षिक आमसभा 3 अगस्त को दोपहर 12 बजे से साहू सदन केलाबाड़ी दुर्ग में आयोजित है। कार्यक्रम की शुरुआत कर्मा माता की पूजा एवं आरती से की जाएगी। वर्षिक आमसभा में पिछले वर्ष के आय व्यय व ऑडिट रिपोर्ट का ब्योरा प्रस्तुत किया जाएगा। साथ ही महासचिव के द्वारा पिछले वर्ष हुए कार्यक्रमों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाएगा। जिला साहू संघ के अध्यक्ष नंदलाल साहू ने आनेवाले वर्ष में होने वाले सामाजिक कार्यक्रमों की रूपरेखा की जानकारी दी जाएगी। समाज के वरिष्ठ संरक्षक एवं समाज सेवियों का सम्मान किया जाएगा। सर्वसम्मति से समाज हित मे कुछ महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किया जाएगा। राष्ट्र गान के साथ सभा का समापन किया जाएगा। मीडिया प्रभारी राकेश साहू ने यह जानकारी दी।

### 251 शिव महारुद्राभिषेक 3 को, निकलेगी शोभायात्रा

**भिलाई।** सकल गुजराती समाज द्वारा 251 शिव महा रुद्राभिषेक का आयोजन लोकांगन वैशालीनगर में 3 अगस्त को किया जाएगा। कार्यक्रम में सर्वप्रथम शोभायात्रा सुबह 8.30 बजे जलाराम मंदिर वैशाली नगर से निकलेगी। सुबह साढ़े 10 बजे यात्रा कार्यक्रम स्थल पहुंचेगी। जहां विधि-विधान से रुद्रपाठ, महामृत्युंजय जाप, और विशेष पूजन सम्पन्न किया जाएगा। पं. प्रकाश जोशी एवं उनकी अनुभवी वेदाचार्य मंडली द्वारा रुद्राभिषेक संपन्न कराया जाएगा। इस अवसर पर 251 शिवलिंगों का सामूहिक जलाभिषेक किया जाएगा। वैदिक मंत्रों की गूंज सुनाई देगी। जबलपुर के कलाकारों द्वारा विशेष नृत्य एवं शिव तांडव की प्रस्तुति दी जाएगी। अध्यक्ष गिरीश सांवरिया ने बताया कि यह आयोजन न केवल धार्मिक आयोजन है, बल्कि यह समाज की एकता, सहयोग और हमारी परंपराओं के प्रति सम्मान का प्रतीक भी है। सचिव संजू नाथवाणी ने बताया कि आयोजन को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है।

# नए ट्रांसफार्मर में हाई वोल्टेज से एसी, फ्रीज, कम्प्यूटर सिस्टम जले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जवाहर नगर विद्युत जोन के मोहन नगर क्षेत्र में बड़ी लापरवाही सामने आई है। इसकी वजह से 20 से ज्यादा घरों के टीवी, फ्रीज, कूलर और कम्प्यूटर सिस्टम खराब हो गए। जानकारी के मुताबिक इस क्षेत्र में गुरुवार को 63 केवी का नया ट्रांसफार्मर लगाया गया था।

टेस्टिंग के दौरान करीब दो घंटे बाद अचानक ट्रांसफार्मर का तेल बाहर आने लगा। इसके बाद जोड़ से आवाज आई। लोगों के घरों के टीवी, कूलर, फ्रीज, पंखे, कम्प्यूटर सिस्टम, चार्जिंग में लगे लैपटॉप खराब हो गए। जानकारी के बाद बिजली कंपनी का अमला मौके पर पहुंचा। टीम ने पुराने ट्रांसफार्मर को अपडेट कर शुरू किया।

इसके बाद बिजली की आपूर्ति व्यवस्था सामान्य हो सकी। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने बिजली कंपनी के अधिकारियों से मामले को लेकर शिकायत भी की। उनका आरोप है कि बिजली कंपनी के अफसरों की लापरवाही से यह घटना हुई।



**जवाहर नगर विद्युत जोन के मोहननगर क्षेत्र में हुआ हादसा**

### सुबह 10 बजे से शाम 7:30 बजे तक बिजली आपूर्ति रही बाधित

जानकारी के मुताबिक नए ट्रांसफार्मर की शिफ्टिंग को लेकर शटडाउन लिया गया था। इस वजह से सुबह 10 बजे से शाम 7:30 बजे तक बिजली गुल रही। इस दौरान बिजली उपभोक्ता लगातार बिजली कंपनी के दफ्तर में शिकायत करते रहे, लेकिन समस्या का निराकरण नहीं हुआ, न ही जिम्मेदारों ने समस्या की जानकारी दी। उपभोक्ताओं ने कहा कि इस घटना से हुए नुकसान की भरपाई कौन करेगा। बिना ट्रांसफार्मर की जांच-पड़ताल के सीधे सप्लाई तारों से क्यों जोड़ा गया। शिकायत करने वालों में अमर दानी, आकाश दानी, पीपी दानी, आरएस भट्ट, एमएल घोष सहित अन्य शामिल हैं।

### लो वोल्टेज की समस्या से लोग हो रहे परेशान, शिकायत

इधर जवाहर नगर क्षेत्र में पिछले लंबे समय से लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। इसे लेकर लगातार शिकायत की जा रही है, लेकिन समस्या का निराकरण नहीं हो पा रहा है। उद्यानों के आसपास पेड़ों की टहनियों की भी छंटाई नहीं की गई है, इसके कारण आए दिन शार्ट सर्किट से बिजली गुल हो रही है। शिकायत के बाद भी बिजली कंपनी के अफसरों द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उपभोक्ताओं ने बताया कि लो वोल्टेज की वजह से कई बार घंटों बिजली सप्लाई बाधित रहती है।

### जिन घरों में हुआ नुकसान, उनका कराया जाए सर्वे

बिजली उपभोक्ताओं ने मांग की है कि मोहन नगर के जिन घरों में हाई वोल्टेज की वजह से नुकसान पहुंचा है, उन घरों का सर्वे कराया गया। उन्हें मुआवजा दिया जाए। इसे लेकर मुख्य अभियंता और कार्यपालन अभियंता से शिकायत की जाएगी। आरएस भट्ट ने कहा कि बिजली की लचर व्यवस्था से पूरा शहर परेशान है। बिजली कंपनी के जिम्मेदार अधिकारी समस्या होने पर फोन तक नहीं उठाते। कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### बदल दिया गया है ट्रांसफार्म

मोहन नगर क्षेत्र में हाई वोल्टेज की समस्या आई थी, इसे सुधार लिया गया है। नए ट्रांसफार्मर में यह परेशानी आई थी। कुछ लोगों के घरों में नुकसान होने की खबर आई है। जानकारी ली जाएगी।

**-महेंद्र साहू,** एई बिजली कंपनी जवाहर नगर जोन दुर्ग

## बैठक : महापौर अल्का बाघमार का अधिकारियों को दो टूक, 15 दिन में दें रिपोर्ट

# अवैध निर्माण पर होगी कार्रवाई, गंदगी फैलाने वाले डेयरी संचालकों से वसूला जाएगा 5 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शहर के 60 वार्डों में अब निगम के कर्मचारी, अधिकारी सर्वे करेंगे। इस दौरान अवैध निर्माण करने वालों को तत्काल नोटिस जारी किया जाएगा। उन पर कार्रवाई की जाएगी। इतना ही नहीं जहां कहीं भी डेयरी संचलाकों द्वारा गंदगी फैलाई जा रही है, उन सभी से 5 हजार रुपए का जुर्माना वसूला जाएगा। इसके लिए सभी वार्ड पार्षदों से अपील की गई है कि इसकी जानकारी तत्काल निगम के जिम्मेदारों को दें, जो अधिकारी कार्रवाई नहीं करता, उन पर महापौर कार्रवाई करेंगी। निगम परिसर के सभागार में ली गई बैठक में महापौर अल्का बाघमार ने इसके निर्देश दिए। बैठक में एमआईसी मेंबर देव नारायण चंद्राकर, शेखर चंद्राकर सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।

महापौर ने कहा कि उन्होंने स्वयं स्थल का निरीक्षण किया है। वार्डों में सफाई व्यवस्था देखी। लोगों ने अवैध निर्माण से जुड़ी शिकायत की। कर वसूली की स्थिति का गहन परीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने इंजीनियरों और सहायक राजस्व निरीक्षकों की बैठक लेकर कड़े निर्देश दिए।



### टैक्स वसूली में लाएं पारदर्शिता अनियमितता मिलने पर करें कार्रवाई

महापौर ने सुपरवाइजरों को निर्देश दिए कि वे एआरआई के साथ मिलकर फील्ड पर काम करें। काम में पारदर्शिता लाएं। वार्डों में नियमित रूप से फील्ड में उपस्थित रहें। टैक्स वसूली करें। निर्माण से जुड़ी जानकारी की रिपोर्ट तैयार करें। ऐसी रिपोर्ट 15 दिन के भीतर तैयार कर दें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारियों और सहायक राजस्व निरीक्षकों को 15 दिनों के भीतर वार्डवार रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। अधिकारियों द्वारा रिपोर्ट नहीं दी जाएगी या कार्य में लापरवाही बरती जाएगी। उन पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### शहर में खटाल फैला रहे गंदगी कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति

शहर में खटाल संचालक गंदगी फैला रहे हैं। इसे लेकर निगम में शिकायत लगातार की जा रही है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर अब तक सिर्फ खानापूर्ति की गई है। आदेश और निर्देश जारी होते रहे हैं, लेकिन समस्या जस के तस बनी हुई है। शहर के शिवपारा, सारथी पारा, स्टेशन रोड, दीपक नगर, आईएमए चौक के पास, बोरसी, पोटिया, पुलगांव, सिकोलाभाटा, तितुरडीह सहित अन्य जगहों पर ऐसे खटालों की भरमार है, जो गंदगी फैला रहे हैं।

### अवैध निर्माण पर तत्काल रोक लगाने के निर्देश

महापौर ने स्पष्ट रूप से कहा कि शहर में बिना अनुमति चल रहे निर्माण की तुरंत जांच की जाए। यदि निर्माण की अनुमति नहीं है, तो उसे तत्काल रोका जाए। संबंधितों को नोटिस जारी किया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि सहायक राजस्व निरीक्षक फील्ड में रहकर हर निर्माण गतिविधि की निगरानी करें। वार्ड इंजीनियर को उसकी जानकारी दें। महापौर ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र की सभी डेयरियों की सफाई व्यवस्था की जांच की जाएगी। जहां गंदगी पाई जाएगी, उन डेयरियों पर 5 हजार का जुर्माना लगाया जाए। निगम द्वारा नोटिस दिया जाए।

### टाउनशिप में खटाल की वजह से बढ़ी परेशानी

टाउनशिप के अलग-अलग सेक्टरों में भी संचालित खटालों से परेशानी बढ़ गई है। उठती बदबू और शाम के सड़कों में मवेशियों के जमघट ने लोगों को परेसान कर दिया है। गुरुवार को रुआबांदा सेक्टर वार्ड 6 पार्षद के नेतृत्व में सेक्टर वासियों ने सेक्टर से लगी रुआबांधा बस्ती का अवलोकन किया।

## नहीं मिल रहा राशन, शिविर में शिकायत का भी असर नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शहर में राशन दुकानों से कई राशनकार्ड धारियों को राशन नहीं मिल पा रहा है।

राशन दुकान से उन्हें तकनीकी खराबी की बात कहकर लौटाया जा रहा है। इसे लेकर हितग्राहियों ने पटरीपार वार्ड 57 एवं 58 में लगाए गए समाधान शिविर में शिकायत की। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि राशन दुकान में उन्हें सही जानकारी नहीं दी जा रही है, जिससे उन्होंने दो महीने से राशन नहीं मिल पाया है। गुरुवार को लगाए गए शिविर में आईएचएसडीपी आवास के कक्ष में शिविर लगाया गया। शिविर में स्वास्थ्य, राशन, निराश्रित पेंशन, बाजार, आवास, जल, भवन, विद्युत, आयुष्मान, स्वनिधि आदि विभाग द्वारा लाभान्वित करने आवेदन प्राप्त हुए।

- वार्ड–57 व 58 में लगाए गए समाधान शिविर
- 80 मोबाइल मेडिकल यूनिट स्वास्थ्य व आयुष्मान व स्वनिधि 8 हितग्राही हुए लाभान्वित

मोबाइल मेडिकल यूनिट स्वास्थ्य 80, आयुष्मान एवं स्वनिधि 08 हितग्राही लाभान्वित हुए। इसके अतिरिक्त राशन कार्ड, विद्युत, आवास, स्वास्थ्य, जल, पेंशन आदि के आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर उपायुक्त मोहेंद्र साहू, थान सिंग यादव, नारायण यादव सहित अन्य मौजूद थे।

# फार्मेसी की छात्रा अंजलि साव को जीपैट में 376 रैंक हासिल, शहर का बढ़ाया मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने देश के शीर्ष फार्मेसी कॉलेजों में दाखिले के लिए ग्रेजुएट फार्मेसी एप्टीट्यूड टेस्ट यानी जीपेट का परिणाम जारी कर दिया है। इस परीक्षा में छत्तीसगढ़ से 1126 अभ्यर्थी शामिल हुए थे, जिनमें से 127 ने क्वालीफाई किया है।

रूंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी के फार्मेसी कॉलेज की छात्रा अंजलि साव ने जीपैट में ऑल इंडिया रैंक 376 हासिल कर छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है। इसी तरह नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (नाइपर) के परिणाम भी जारी हुए हैं। इसमें भी अंजलि ने देशभर में एआईआर 678 हासिल की है। जीपैट में रूंगटा आर-1 फार्मेसी की ही मोनिका रावते को 5308 एआईआर





मिली है। वहीं त्रिभुवन कौशल को एआईआर 3477 मिली है, वहीं नाइपर में उनकी रैंक 3304 आई है। हर्षिता मीना को जीपैट में एआईआर 7614 और नाइपर में 3969 रैंक हासिल हुई है। बता दें कि, जीपैट राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा है, जिसके जरिए देश के टॉप शासकीय व निजी फार्मेसी कॉलेजों में दाखिला मिलता है। इस परीक्षा के जरिए छात्र इन संस्थानों से एम फार्मेसी सहित पीएचडी आदि करने के लिए क्वालिफाई हो जाते हैं।

### हर महीने मिलेगी स्कॉलरशिप

रूंगटा यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंस एंड रिसर्च के डायरेक्टर डॉ. मुकेश शर्मा ने कहा कि सभी चयनित छात्र-छात्राएं अब राष्ट्रीय स्तर के फार्मेसी रिसर्च संस्थान से आगे की पढ़ाई करेंगे। चयनित सभी विद्यार्थियों को अब फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया यानी पीसीआई हर महीने 12,400 रुपए की स्कॉलरशिप भी देगा। इसके अलावा देश के लीड फार्मेसी कॉलेजों में दाखिले के लिए इन्हें प्राथमिकता दी जाएगी। रूंगटा यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति संतोष रूंगटा, प्रो-चांसलर डॉ. सौरभ रूंगटा, कुलपति डॉ. जवाहर सूरीशेट्टी, प्रो-वीसी डॉ. मनीष मनोरिया, डायरेक्टर रिसर्च डॉ. एजाजुद्दीन ने हर्ष व्यक्त किया।

# गणपति विहार में बुजुर्गों के लिए बना सियान सदन



**विधायक ने किया लोकार्पण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

गणपति विहार के वरिष्ठजनो को विधायक गजेन्द्र यादव की पहल पर सियान सदन बनाया गया है। इससे बुजुर्गों को उपयुक्त स्थल मिलेगा, जहां वे समय व्यतीत करने के साथ ही रचनात्मक गतिविधियां आयोजित कर सकेंगे। विधायक गजेन्द्र यादव ने इसका लोकार्पण किया। उन्होंने बताया कि गणपति विहार कॉलोनी के वरिष्ठ नागरिकों की बहुप्रतीक्षित मांग पर राशि स्वीकृत की गई थी। बुजुर्गों को एक सम्मानजनक, सुरक्षित और सुसज्जित भवन स्थल उपलब्ध हो पाया। उन्होंने कहा कि बुजुर्ग रिटायर नहीं होते वे अनुभव का खान होते हैं। वरिष्ठजनों के अनुभव से बेहतर समाज का निर्माण कर सकते हैं। बाल्य अवस्था से बुजुर्ग अवस्था तक के समस्या और निदान का अनुभव होता है। उन्होंने बुजुर्गो से अपील की कि समाज को संस्कारित बनाने में अपनी भूमिका निभाएं। इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार, कुम्हारी नगर पंचायत की अध्यक्ष मीना वर्मा, पार्षद गुलशन साहू, गणपति विहार कॉलोनी के अध्यक्ष शैलेष जोशी मौजूद थे।

# यात्री ट्रेनों को रद्द करना षड़यंत्र, पब्लिक हो रही परेशान, रेलवे निर्णय पर करे पुनर्विचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

देश की सबसे बड़ी परिवहन व्यवस्था रेलवे में ट्रेनों की लेटलतीफी और अचानक रद्द किए जाने को लेकर आम आदमी पार्टी ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।

आप कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह एक सोची-समझी साजिश है। ट्रेनों को रद्द करने का षड़यंत्र चल रहा है। आप के प्रदेश महासचिव वदूद आलम ने कहा कि त्यौहार के दिनों में भी बड़ी संख्या में ट्रेनों को रद्द किया जा रहा है। लाखों लोग परेशान हो रहे हैं। रेलवे को जानबूझकर डैमेज किया जा रहा है। एक वर्ग विशेष हो हवाईजहाज में शिफ्ट करने की कोशिश हो रही है। अडानी जैसे बड़े उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए मालगाड़ियों की संख्या बढ़ाई जा रही है, उन्हें क्लीयर रखने के लिए यात्री ट्रेनों को लेट किया जा रहा है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने रेलवे रद्द ट्रेनों के कारण आम यात्रियों को हो रही परेशानियों को लेकर कहा कि बिलासपुर और रायपुर डिवीज़न में

- हर माह 1 लाख 68 हजार टिकट कर रहे है कैंसिल
- ट्रेनों के रद्द होने से आम यात्रियों को हो रहे है परेशानी

पिछले 3 माह में लगभग 2000 ट्रेनें रद्द करने से आम यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा है। अब जबकि रक्षाबंधन और 15 अगस्त का त्यौहार आने वाला तो बिलासपुर ज़ोन की 4 पैसेंजर ट्रेने रद्द करना वाकई दुर्भाग्यपूर्ण है। वदूद आलम ने बताया रेलवे की रद्द ट्रेनों के कारण टिकट कैंसिलेशन से रायपुर ज़ोन को मात्र 1 महीने में ही 16 करोड़ का नुकसान हुआ है। वहीं मात्र रायपुर डिवीज़न जिसके अंतर्गत दुर्ग भी आता हैं में हर माह 1लाख 68 हजार टिकट लोग कैंसिल कर रहें हैं। रायपुर डिवीज़न जिसके अंतर्गत दुर्ग भी आता है। दुर्ग में भी ट्रेन रद्द होने से जनता कों बहुत परेशानी हो रही है।

### सिग्नलिंग और मेंटेनेंस के नाम पर चल रहा खेल

सिग्नलिंग और मेन्टनेन्स के नाम पर रेलवे यात्री ट्रेनों को तो रद्ध किया जा रहा है। मालगाड़ी ट्रेनों को ना ही कभी रद्ध किया जाता है। ना ही ये मालगाड़ी ट्रेनें कभी विलम्ब से चलती हैं। रायपुर ज़ोन में 11 हजार 733 ट्रेनें देरी से चलीं, जो कि रेलवे की जनता को हो रही परेशानियों के प्रति लापरवाही है। कभी भी रद्ध ट्रेन या देरी से आती ट्रेनों पर किसी रेलवे अधिकारी जवाबदेही मानकर कोई भी कार्रवाई नहीं की जाती।

## युक्तियुक्तकरण से छात्रों को मिले विषय विशेषज्ञ शिक्षक, बच्चों में बढ़ रहा शिक्षा का स्तर

**दुर्ग।** राज्य शासन द्वारा शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की पहल अब ग्रामीण शिक्षा में नई क्रांति ला रही है। जिले के धमधा ब्लॉक के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला टेमरी में इस प्रक्रिया के तहत जीवविज्ञान विषय के नए शिक्षक की पदस्थापना की गई है, जिससे विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा मिल रही है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला टेमरी में पढ़ने वाले कक्षा 11वीं के छात्र सोमनाथ निषाद अपनी खुशी जाहिर करते हुए बताते हैं कि पहले हमारे स्कूल में जीव विज्ञान के लिए कोई अलग से शिक्षक नहीं थे। हमें जीव विज्ञान या तो सीनियर छात्र समझाते थे या फिर दूसरे विषयों के शिक्षक समझा दिया करते थे, जिसकी वजह से विषय समझना पहाड़ तोड़ने जैसा लगता था। युक्तियुक्तकरण से अब हमें विषय विशेषज्ञ शिक्षक मिल गए हैं। अब विषय आसान लग रहा है। अब हमें विज्ञान के लिए कहीं भटकना नहीं पड़ता। इस बदलाव के लिए हम मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का दिल से धन्यवाद करते हैं। राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई युक्तियुक्तकरण प्रकिया का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों का सही जगहों पर पुनर्विनियोजन करना है, ताकि उन विद्यालयों में शिक्षकों की कमी पूरी हो सके, जहाँ उनकी सबसे अधिक आवश्यकता है। यह कदम न केवल शिक्षा की गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहा है, बल्कि इससे विद्यार्थियों के उज्ज्वल शैक्षणिक भविष्य को भी मजबूत आधार मिल रहा है।

### अग्निवीर भर्ती: शारीरिक दक्षता परीक्षा की तैयारी शुरू

**दुर्ग।** भारतीय थल सेना में अग्निवीर की भर्ती 2026 के लिए आयोजित ऑनलाइन परीक्षा का चयन परिणाम घोषित किया जा चुका है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग के द्वारा जिले के ऑनलाईन परीक्षा (सी.ई.ई) में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु प्रशिक्षण दिया जाना है। दुर्ग जिले के अभ्यर्थी जो अग्निवीर की भर्ती 2026 के लिए आयोजित ऑनलाईन परीक्षा (सी.ई.ई) में उत्तीर्ण हुए हैं। उन्हें 14 तक जानकारी देने कहा गया है।

## हरीश छग मंच संचालक समिति के जिला इकाई दुर्ग अध्यक्ष बने



**भिलाई।** मंच संचालक समिति का नया अध्यक्ष हरीश साहू को नियुक्त किया गया है। संस्था द्वारा छत्तीसगढ़ की एक बड़ी संस्था है।इसमें छत्तीसगढ़ के 315 मंच संचालक जुड़े हुए हैं। इसके बैनर तले हर वर्ष विशाल महोत्सव, रक्तदान शिविर, सम्मान समारोह का आयोजन किया जाता है। 4 वर्ष बाद प्रदेश व जिला पदाधिकारियों का चयन किया गया। समिति में उपाध्यक्ष खिलावन साहू, योगराज साहू, सचिव डॉक्टर वेदप्रकाश साहू, रविकुमार मुठेल, कोषाध्यक्ष ताराचंद साहू, मीडिया प्रभारी खिलेश्वर प्रसाद साहू को बनाया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बीजेपी के महामंत्री प्रेमलाल साहू थे। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष सोहन साहू, संयोजक चंद्रशेखर परघनिया, पूर्व अध्यक्ष गणेश यदु, संजय मैथिल, रामकुमार साहू,सीमा साहू, लोक गायक भगवती साहू, भारत यादव सहित अन्य मौजूद थे।

## खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड की बैठक में कई निर्णय

# खुलेंगे बारदाना बुनाई और सिलाई केंद्र, खादी को प्रोत्साहित करने लगाई जाएगी 40 दिन की प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड की 44वीं संचालक मण्डल कि बैठक हुई। खादी बोर्ड मुख्यालय में हुई बैठक की अध्यक्षता वर्तमान अध्यक्ष राकेश पाण्डेय ने की। बैठक में ग्रामोद्योग विभाग सचिव सह बोर्ड के प्रबंध संचालक श्यामलाल धावड़े एवं छत्तीसगढ़ शासन के विभिन्न विभागों जैसे वित्त, वाणिज्य एवं उद्योग, हथकरघा, खादी और ग्रामोद्योग आयोग के उच्च अधिकारी सदस्य मौजूद थे। बैठक में ग्राम उद्योग को



बढ़ाने की दिशा में किए जाने वाले कार्यों, खादी को प्रोत्साहित करने को लेकर बनाई गई कार्ययोजना पर चर्चा की गई। पांडेयय ने बैठक में कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन करते हुए अर्थव्यवस्था को मजबूत करना आवश्यक है। अधिकारियों ने खादी एवं ग्रामोद्योग उत्पादों के विपणन को प्रोत्साहन, उत्पादन केंद्रों के आधुनिकीकरण, और नवाचार आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रमों के संचालन आदि से अवगत कराया गया।

### बस्तर में कपास की बाड़ी, प्रोत्साहन के लिए प्रदर्शनी लगाने पर बनी सहमति

बैठक में खादी तथा ग्रामोद्योग क्षेत्र के सतत विकास हेतु विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बोर्ड के उपरोक्त उद्देश्यों को केंद्र पर रख कर बस्तर संभाग में कपास बाड़ी स्थापना, राज्य में बारदाना बुनाई एवं सिलाई केंद्र स्थापना, संभाग एवं 40 दिवसीय राज्य स्तरीय प्रदर्शनी सह खादी कार्निवल का आयोजन, प्रीमियम खादी एवं ग्रामोद्योग विक्रय केंद्र जैसे अन्य 24 महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर संचालक मंडल ने निर्णय लिए। बैठक का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ज्ञान अवार्ड से सम्मानित हुए हरीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

समता साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ राज्य इकाई का प्रादेशिक सम्यक प्रबोधन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन शासकीय नत्थू जगताप विद्यालय के सभागार में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम की सुनहरी यादें प्रदेश स्तर के इस सम्मेलन में शिक्षक, कवि, लेखक, साहित्यकार, लोक कलाकार, समाजसेविका ने भाग लेकर मिसाइल मैन और जनता के राष्ट्रपति के रूप में लोक प्रिय डॉक्टर अब्दुल कलाम को उनकी 10वीं पुण्य स्मृति दिवस पर उन्हें शत शत नमन करते हुए काब्यंजली व विनम्र आदरांजलि दी। उरला से हरीश साहू



को शैक्षणिक, साहित्यिक, सास्कृतिक व सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ठ योगदान देने के लिए सम्मानित किया गया। वही अभिषेक टंडन को बाबा साहब डॉक्टर अंबेडकर स्वाभिमान अवार्ड व भगवती साहू को भी बाबा साहब डॉक्टर अंबेडकर स्वाभिमान अवार्ड समानित किया गया। इस सम्मेलन में मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता व साहित्यकार डॉक्टर सुनीता पंड्रो मुख्य अतिथि थी।

# सेक्टर-6 नाली में गिरी भैंस, तीन घंटे के रेस्क्यू बाद सुरक्षित बाहर निकाला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

टाउनशिप में खटाल संचालकों की बेखयाली का खामियाजा बेजुबां मवेशियों को भुगतना पड़ रहा है। भैंस और गाय आदि जानवर नालियों और नाले आदि में फंसकर घायल हो रहे हैं या उनकी दर्दनाक मौत हो रही है। आज गुरुवार को फिर सेक्टर 6 की नाली में एक भैंस के गिर जाने से जान जाते जाते बची।

क्षेत्रवासियों और भैंस मालिकों की मदद से चार घंटे की भारी मशक्कत से रेस्क्यू कर भैंस को गंभीर अवस्था में सुरक्षित बाहर निकाला गया। इस दौरान पचासों लोगों की भीड़ लगी रही और रोड पर जाम के हालात बनते रहे। दोपहर करीब ढाई बजे एक भैंस अचानक सेक्टर 6 नाले के निकट पावर जिम के सामने में बड़ी व गहरी नाली में गिर गई। भैंस काफी देर तक बाहर निकलने के लिए छटपटाते हुए कोशिश करती रही लेकिन बार बार फिसलकर नाली में फंस जा रही थी। इस दौरान राहगीरों की नजर भैंस पर पड़ी और गौसेवक गोस्वामी ने वार्ड पार्षद साकेत चंद्राकर को मदद के लिए फोन किया। उन्होंने नगर निगम भिलाई से एक जेसीबी मंगाई ताकि, भैंस को बाहर निकाला जा सके। इस दौरान बी मार्केट के निकट भैंस का मालिक भी 2 युवकों के साथ पहुंच नाली में खुसकर अपनी भैंस को बाहर निकालने प्रयास करता रहा। दोपहर 3 बजे से शाम 6.30 बजे तक साढ़े तीन घंटे के रेस्क्यू के बाद बड़ी मुश्किल से भैंस को नाली से बाहर सुरक्षित निकाला जा सका। इसके लिए नाली को तोड़कर रास्ता बनाने में रेस्क्यू टीम का पसीना छूट गया और भैंस भी घायल हो गई। भैंस को सुरक्षित बाहर निकालने में पार्षद साकेत चंद्राकर व गोस्वामी व क्षेत्र के युवकों व निगम के जेसीबी चालक का योगदान रहा।

**आए दिन नाले, नालियों व गड्ढों में फंस रहे बेजुबां जानवर, खटाल मालिकों व गौपालकों की लापरवाही भारी पड़ रही**



### पंद्रह दिन पूर्व गाय की गई जान व तीन भैंसे फंसीं

टाउनशिप व पटरीपार में खटाल संचालकों और गौ पालकों की असंवेदनशील लापरवाही से मूक जानवर दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। दूध दुहने के बाद मवेशियों को यहां वहां चरने के लिए छोड़े दे रहे हैं। कई गाय, बछड़े और भैंसे आए दिन नाले, नालियों और इसी तरह के गढ्ठों मे गिरकर घायल हो रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने बताया कि पखवाड़ेभर पूर्व सेक्टर 6 नाले में भी एक गाय गिरकर मर गई थी। इसके पूर्व प्रियदर्शनी परिसर नाली में और कोसानाल के निकट गड्डे में भी एक भैंस फंसकर बुरी तरह घायल हो गई थी। बारिश में पानी, दलदली व जलकुंभी के चलते इस तरह की समस्या बढ़ गई है।



## खबर संक्षेप



### सेवानिवृत्ति पर बीएसपी प्रबंधन ने दी विदाई

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा से जुलाई माह में 91 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। इनमें खदान में कार्यरत कर्मियों सहित 14 कार्यपालक व 77 गैर-कार्यपालक शामिल हैं। गुरुवार को समारोह में संयंत्र के गैर-कार्यपालकों को भावभीनी विदाई दी गई। बीएसपी के सीजीएम संदीप माथुर, जीएम सूरज कुमार सोनी और डीजीएम राजेंद्र प्रसाद ने कार्मिकों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किया। संयंत्र प्रबंधन ने सेवानिवृत्तो हुए कर्मियों व अधिकारियों के योगदान का उल्लेख करते हुए उनके स्वस्थ जीवन की कामना की।

### वार्ड-8 में सीमेंटीकरण कार्य का भूमिपूजन



**भिलाई।** रिसाली निगम के वार्ड 8 रिसाली सेक्टर में 11 लाख 69 हजार की लागत राशि से सीमेंटकरण का कार्य की शुरुआत हुई। नवीन कार्य का भूमिपूजन वार्ड पार्षद चंद्रभान सिंह ठाकुर ने किया।पार्षद ने कहा मेरे वार्ड के ब्लॉकों में बरसात के मौसम में रहवासियों को चलने में समस्या होती थी। जिसके समाधान में सीमेंटीकरण कराया जा रहा है।भूमिपूजन मे पार्षद अनूप डे ,सोनिया देवांगन एंव वार्डवासी उपस्थित रहे।

### नर्सरी प्रबंधन पर कृषि विज्ञान केंद्र पाहंदा में प्रशिक्षण

**दुर्ग।** जिले के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र पाहंदा दुर्ग में नर्सरी प्रबंधन पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें जिला दुर्ग के साथ-साथ बेरला, बेमेतरा, बालोद, रायपुर के भी ग्रामीण युवाओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम निदेश विस्तार सेवायें डॉ. एस.एस. टूटेजा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में नर्सरी व्यवसाय कैसे स्थापित किया जाय, पौधों को तैयार करने की विभिन्न तकनीक जैसे कटिंग, गुंटी, बडिंग, ग्राफ्टिंग, नर्सरी पौधों को कीट बीमारियों से रोकथाम, प्रो ट्रे में पौधे तैयार करना जैसी तकनीकों का जीवंत एवं प्रायोगिक प्रदर्शन करके सिखाया गया।

## निर्माण में भ्रष्टाचार को लेकर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे थे निर्दलीय पार्षद

# पार्षदों, इंजीनियर और शहर मंत्री की टीम ने की जांच, सामने आई सच्चाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

भिलाई नगर निगम अंतर्गत 2 करोड़ रुपए से नाली निर्माण, नए पोल और तालाब के सौंदर्यीकरण के मामले की जांच के लिए गठित टीम जांच के लिए पहुंची। टीम ने जीई रोड के किनारे बन रही नाली और नए पोल की जांच की। इसमें चौकाने वाली सच्चाई सामने आई। टीम में अधीक्षण यंत्री अजीत तिग्गा, नितेश मेश्राम, शहर मंत्री केशव चौबे, पार्षद हरिओम तिवारी, रविशंकर कुर्रे, मीरा जितेंद्र बंजारे, रानू राजू साहू और अनीता अजय साहू मौद रहे।

हरिभूमि सरोकार

टीम के सदस्यों ने जीई रोड के किनारे कर्मा चौक से लोहिया पेट्रोल पंप तक बन रही कंक्रीट की नाली और नेहरू नगर चौक से सूर्या मॉल चौक तक लग रहे पोल की जांच की। नाली की जांच के दौरान पाया गया कि ठेकेदार ने नाली के बेस को 12 इंच की जगह मात्र पांच इंच मोटा ही बनाया है। इतना ही नहीं नाली की दीवार में जो लोहे की सरिया लगनी थी वो 4-4 इंच के गैप में लगनी थी, लेकिन ठेकेदार ने लोहे की चोरी करने के लिए दो सरिया के बीच की दूरी को 8 इंच रखा है। अधीक्षण यंत्री और शहर मंत्री ने इस पर आपत्ती जताई है। इसके बाद टीम ने नए पोल की जांच की तो पाया गया कि पुराने पोल पूरी तरह से सही थे उसके बाद भी उनकी जगह नए पोल लगाए गए।इतना ही नहीं जो नए पोल लगाए गए हैं उन्हें पूराने पोल को काटे गए टुकड़े से ही ब्लेडिंग करके जोड़ दिया गया है। पार्षद हरिओम तिवारी ने कहा कि जांच के दौरान साबित हुआ है कि निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार किया गया है और जनता के पैसों का दुरुपयोग किया गया है। अब टीम इस जांच रिपोर्ट को जल्द ही निगम आयुक्त के पास रखेगी।





### धरने के बाद बनी थी जांच टीम

आपको बता दें कि भ्रष्टाचार के तीन मुद्दों को लेकर भिलाई निगम के निर्दलीय पार्षदों ने जोन 1 कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन धरना दिया था। धरने के दूसरे दिन प्रभारी आयुक्त भागीरथी वर्मा ने एक जांच टीम बनाई। उन्होंने आश्वासन दिया कि टीम एक सप्ताह में जांच कर रिपोर्ट उन्हें देगी। जांच में गलत पाए जाने पर संबंधित पर कार्यवाही की जाएगी।

### 2 करोड़ की नाली में खुलेआम भ्रष्टाचार का लगाया था आरोप

धरने पर बैठे पार्षदों ने कर्मा चौक से लोहिया पेट्रोल पंप तक वार्ड 17 से 6 तक बिना बेस और पर्याप्त लोहे के नाली का निर्माण करने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा कि निगम ने इसके लिए 1 करोड़ 97 लाख रुपए की लागत का टेंडर पास किया है। इतनी बड़ी लागत से निर्माण होने के बाद भी नाली में ना तो सही बेस तैयार किया जा रहा है, ना मानक के मुताबिक लोहा लग रहा है। टीम ने जांच के दौरान आरोप सही पाया है। अब इसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### निकाले गए खंभों का नहीं हुआ भौतिक सत्यापन

धरने पर बैठे पार्षदों का आरोप है कि पुराने खंभे तभी हटाए जाने थे, जब वो खराब हो गए हों। उन्होंने निगम से मांग की है कि क्या निगम ने पुराने खंभों को निकालने से पहले उनका भौतिक सत्यापन कराया है। यदि कराया है तो उसकी रिपोर्ट कहां है। जांच में सामने आया की नए खंभे सिर्फ कुछ लोगों की मनमर्जी के चलते लगाए जा रहे हैं।

### स्वीकृति के बाद भी भेलवा तालाब का नहीं हो रहा सौंदर्यीकरण, बाटजोह रहा

धरने पर बैठे पार्षदों ने आरोप लगाया कि भेलवा तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए 25 लाख रुपए की स्वीकृति मिल चुकी है। पार्षद पति राजू साहू का कहना है कि निगम सिर्फ इसलिए टेंडर नहीं लगा रहा है क्योंकि उनके आका को उनके मुताबिक कमीशन देने वाला ठेकेदार नहीं मिल रहा है। इसी कारण तालाब का सौंदर्यीकरण का कार्य रुका हुआ है और पूरा तालाब जलकुंभी और गंदगी से पट चुका है।

# एनएचएम कर्मचारी संघ का आंदोलन का दूसरा चरण 18 से

**अनिश्चित कालीन हड़ताल का निर्णय**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

छत्तीसगढ़ प्रदेश एन.एच.एम कर्मचारी संघ ने अनिश्चितकालीन आंदोलन की घोषणा की है। यह निर्णय पूरे प्रदेश के 33 जिलाध्यक्षों सहित प्रांतीय पदाधिकारियों की प्रदेशाध्यक्ष डॉ अमित मिरी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में लिया गया। ,बैठक में सर्व सहमति से निर्णय लिया गया कि 15 अगस्त तक अगर दस सूत्रीय मांगों के निराकरण के लिए कोई फैसला नही लिया गया तो 18 अगस्त 2025 से अनिश्चितकालिन हड़ताल का आगाज होगा। जिसमे प्रदेश के 16000 कर्मचारी सम्मिलित होंगे। सभी जिलाध्यक्षो को आंदोलन की तैयारी चालू करने के लिए कहा गया है।

### इन मांगों को लेकर आंदोलन

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारी 10 सूत्रीय मांगों के लिए है वर्षो से है संघर्षरत हैं। मिशन स्तर की 5 मांगों पर बनी थी सहमति,लेकिन मांगे आज भी पूरी नहीं हो पाई है। पदाधिकारियों का कहना है कि मोदी की गारंटी घोषणा पत्र में किया गया था 100 दिन में नियमितीकरण के लिए कमेटी बनाने का वादा डेढ़ साल बाद भी हुआ कुछ नहीं। पिछले डेढ़ वर्षो में 155 बार दिया जा चुका है। इसलिए अब अनिश्चितकालीन हड़ताल के लिए मजबूर हो रहे हैं।

### इस बार आपातकालीन सेवाओं को ठप करने का निर्णय

अबकी बार आपातकालीन स्वास्थ्य सेवा भी बंद रहेगी। उनका कहना है कि 16000 से ज्यादा कर्मी के हड़ताल पर जाने से चरमरा सकती है। पूरे प्रदेश की स्वास्थ्य सेवा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मी है जो स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ हैं। पिछले दिनों 10 से 17 जुलाई तक चरण बद्ध आंदोलन हुआ था। उसके बाद विधानसभा का घेराव भी करने का प्रयास हुआ। उनकी मुख्य मांगे हैं कि स्वास्थ्य विभाग में संविलियन , नियमितीकरण हो। ग्रेड पे निर्धारण, मेडिकल अवकाश की कैशलेस सुविधा, स्थानांतरण नीति का निर्धारण, अनुकम्पा,पेंशन सहित अन्य 10 सूत्रीय मांगें हैं।

## एसपी-3 में करंज कुंज का लोकार्पण



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के सिंटर प्लांट-3 (एसपी-3) में विकसित करंज कुंज उद्यान का लोकार्पण किया गया। यह पहल पर्यावरणीय पुनर्जीवन और कर्मचारियों की भागीदारी को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उद्यान को सहायक महाप्रबंधक आरक रणदिवे के नाम समर्पित किया गया। सिंटर संयंत्र के सतत विकास में दिए गए उनके योगदान को सम्मानित करने के लिए यह निर्णय लिया गया। जीएम प्रभारी अनूप कुमार दत्त व महाप्रबंधक सजीव वर्गीज आदि वरिष्ठ अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

- कर्मियों ने टीम वर्क से किया विकसित
- उद्यान के चारों और सुरक्षा के लिए बनाए रेलिंग

स्थल अनुपयोगी भूमि के रूप में उपेक्षित था । अब यह हरियाली और कर्मियों विश्राम करने का स्थल भी बन गया है। उद्यान के चारों ओर सुरक्षा रेलिंग व फेंसिंग की स्थापना, भूमि समतलीकरण, पहुंच मार्ग का निर्माण तथा एलडी स्लैग पेवर ब्लॉक्स की साज-सज्जा की गई है।

## एसएमएस-2 कर्मियों को मिला शिरोमणि सम्मान

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टील मेल्टिंग शॉप-2 में कर्म शिरोमणि पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया । सीजीएम एस के घोषाल थे। कार्यक्रम में एसएमएस-2 के श्रमवीरों अरुण कुमार भोई, इंजीनियरिंग एसोसिएट दशरथ लाल पटेल, इंजीनियरिंग एसोसिएट चेतन लाल राणा, जूनियर इंजीनियर, लावरेन्स कुमार मधुकर, इंजीनियरिंग एसोसिएट, सुनील इंगले, इंजीनियरिंग एसोसिएट योगेन्द्र कुमार, जूनियर इंजीनियर को माह अप्रैल से मई के लिए कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि स्टील मेल्टिंग शॉप-2 के हमारे कर्मचारियों को सुरक्षित कार्यप्रणाली पर ध्यान देते हुए ही उत्पादन को जारी रखना है।

## सावन के महीने में भागवत व राम कथा का श्रवण करना सबसे ज्यादा लाभकारी

**भिलाई।** बांके बिहारी चैरिटेबल ट्रस्ट नेहरू नगर द्वारा संचालित राधाकृष्ण मंदिर में श्रीमद् भागवत हरिहर मिलन कथा के पहले दिन संत चैतन्य मीरा ने कहा कि सावन महीने में श्रीमद् भागवत कथा या राम कथा का श्रवण करने से अत्यधिक लाभ होता है। क्योंकि भवावान शिव के प्रिय विष्णु हैं।

विष्णु के प्रिय राम। इसलिए इस कथा का नाम भी हरिहर भागवत कथा रखा गया है। कथा के माध्यम से उन्होंने बताया कि कई संत ऐसे हैं, जो सिर्फ श्रीमद भागवत को ही अपना आराध्य मानते हैं। क्योंकि श्रीमद भागवत ही हमें कृष्ण से मिलाती है। कृष्ण राधा के बिना अधूरे हैं। कथा श्रवण करने के भी कुछ नियम हैं। उनका पालन कर हरि को पाया जा सकता है। गोस्वामी तुलसीदास की जयंती पर उन्होंने प्रणाम करते हुए बताया कि गोस्वामी की ही कृपा है कि आज जन-जन तक राम सभी के हृदय में निवास कर रहे हैं।

कथा के अंत में चैतन्य मीरा ने बताया कि सभी को अपनी सम्पूर्ण आस्था के साथ प्रभु का सुमिरन करना चाहिए। 6 अगस्त तक चलने वाली कथा प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक होगी। 6 अगस्त को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक कथा का विशेष सत्र होगा। इस अवसर पर भंडारा होगा। ट्रस्ट के संरक्षक विजय गुप्ता, नेतराम अग्रवाल, विजय अग्रवाल, अध्यक्ष संजय रूंगटा, मनीत जैन, अनिल अग्रवाल, बंशी अग्रवाल, विकास सिंघल, मनोज देवरलिया सहित अन्य मौजूद

## निवेश का रोडमैप कर रहे तैयार: सेल निदेशक डॉ. पंडा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

स्टील अथारिटी आफ इंडिया लिमिटेड ने भिलाई इस्पात संयंत्र सहित अपने विभिन्न एकीकृत इस्पात संयंत्रों की क्षमता बढ़ाने के लिए निवेश योजनाओं को तेज गति देना शुरु कर दिया है। सेल) ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 7,500 करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) का लक्ष्य निर्धारित किया है। यह पिछले वर्ष की तुलना में 25 प्रतिशत अधिक है।

- सेल ने संयंत्र क्षमताओं के विस्तार पर किया फोकस 7,500 रुपए कैपेक्स का लक्ष्य

निदेशक डॉ. अशोक कुमार पंडा ने बताया कि कंपनी अपनी उत्पादन क्षमताओं में वृद्धि के लिए निवेश रोडमैप पर सक्रियता से काम कर रही है। पिछले वर्ष कैपेक्स लगभग 6 हजार करोड़ रुपये रहा। इस वर्ष हमने पूरे वर्ष के लिए 7,500 करोड़ रुपये का लक्ष्य रखा है, जो कि अधिक है। महानवरत्न सार्वजनिक क्षेत्र का यह उपक्रम देश के सार्वजनिक क्षेत्र में सबसे बड़ा इस्पात उत्पादक है और वर्तमान में विस्तार चरण में है। सेल ने वर्ष 2030 तक अपनी कुल इस्पात उत्पादन क्षमता को 20 मिलियन टन से बढ़ाकर 35 मिलियन टन तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। यह क्षमता वृद्धि कंपनी के ओडिशा, झारखंड, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल स्थित पांच एकीकृत इस्पात संयंत्रों में की जाएगी। कंपनी की दीर्घकालिक विस्तार रणनीति के तहत 1 लाख करोड़ रुपये के निवेश का अनुमान है। यह आगामी वर्षों में उत्पादन क्षमता और बाजार प्रतिस्पर्धा को मजबूत करेगा।

## भिलाई निगम से आठ सेवानिवृत्तों को दी विदाई

**भिलाई।** भिलाई निगम ने आठ कर्मचारियों को सम्मान बिदाई दी गई।आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने सहायक राजस्व निरीक्षक ह्दय राम कौशिक, मजदूर द्रौपती बाई नेताम, रूखमणी बाई, हेल्पर/क्लीनर प्रमोद शर्मा, चौकीदार राम बगस, सफाई कामगार नागेश, गीता बाई, अप्पाराव को निगम प्रशासन की ओर से स्मृति चिन्ह, शॉल और श्रीफल भेंट करते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया । निगम आयुक्त ने सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी। साथ ही निगम हित में किए गए उनके सराहनीय कार्यों को याद किया। निगम के यूनियन पदाधिकारियों ने सेवानिवृत कर्मचारियों के प्रति उदगार व्यक्त किए। कर्मचारियों ने अपने सेवाकाल अवधि को सबके समक्ष साझा करते हुए शासन एवं निगम प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया।

**विधायक रिकेश सेन व महापौर नीरज पाल ने दिया प्रमाण पत्र**

# 8 को अनुकंपा नियुक्ति, 19 लोगों को मिला पीएम आवास

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल, सभापति गिरवर बंटी साहू, आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, एमआईसी सदस्य संदीप निरंकारी एवं सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह के उपस्थिति में 8 लोगों को अनुकंपा नियुक्ति पत्र एवं 19 हितग्राहियों को लाटरी के माध्यम से आवास आबंटित किया गया। निकाय स्तर पर अनुकंपा नियुक्ति हेतु गठित छानबीन समिति बैठक में अनुकंपा नियुक्ति की गई है ।कार्यरत अधिकारी,कर्मचारियों की मृत्यु होने पश्चात उनके पत्नी या बच्चे को नियमानुसार अनुकंपा नियुक्ति दिए जाने का प्रावधान है। नगर निगम भिलाई में कार्यरत नियमित कर्मचारी जिनका पूर्व में किसी कारणवश मृत्यु हो गया है। उनके स्थान पर उनके परिवार के 8 लोगों इन्द्राणी चंद्राकर को समयपाल/कार्य सहायक ग्रेड 2, हर्षवर्घन दुबे, हर्षवर्घन श्रीवास, मोहम्मद वसीम, सबीता बाघमारे, रेखा महिलांग, मंजू बाई मानिकपुरी, अमिषा घनघोरकर को भृत्य के पद में नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया है। इन सभी को प्रशिक्षण पश्चात अलग-अलग विभागों में दायित्व सौंपा जाएगा।



**पीएम आवास 19 लोगों को आवंटित:** पीएम आवास योजना मोर मकान-मोर आस एवं मोर मकान-मोर चिन्हारी घटक अंतर्गत आवासों का निर्माण किया गया है। किरायेदारी के रूप में निवासरत नागरिको से आवास हेतु आवेदन प्राप्त हुआ था। जिसका जिला स्तरीय समिति से सक्षम स्वीकृति पश्चात मकान का 10 प्रतिशत अंशदान की राशि जमा करने वाले 21 हितग्राहियों को लाटरी में शामिल होने सूचना पत्र दिया गया था। जिसमें से कुल 19 हितग्राहियों को लाटरी के माध्यम से आवास आबंटित किया गया है। स्थल कृष्णा इंजीनियरिग कालेज के पीछे खम्हरिया 2 मकान, सूर्याविहार के पीछे खम्हरिया 8 मकान, वंदे मातरम कुरूद 9 मकान कुल 19 आवासों का आबंटन किया गया है। आवास आबंटन के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के नोडल अधिकारी अजीत तिग्गा, कार्यपालन अभियंता वीनिता वर्मा, आवास प्रभारी विद्याधर देवांगन, नम्रता सिंह ठाकुर, जागेश्वर साहू, महेत्तर सोनी, थलेश्वर जोशी, सी.एल.टी.सी. किरण चतुर्वेदी, आदित्य ठाकुर, उत्पल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

**पेज 9 का शेष**

### बिजली की नई ...

नहीं मिल सका है। ऐसे में अधिकारी भी यह नहीं बता पा रहे हैं कि कितने रुपए की बढ़ोत्तरी होगी। दरअसल बिलिंग ऑनलाइन प्रोसेस में है। ऐसे में कुछ चार्ज में इसे जोड़कर बढ़ाया जाएगा। वहीं राज्य सरकार द्वारा 400 यूनिट तक खपत वाले उपभोक्ताओं को बिजली बिल में हाफ यानि 50 प्रतिशत की छूट देती रहेगी। अभी 400 यूनिट खपत पर 1324 रुपए बिल आता है। इसमें 50 प्रतिशत छूट, अन्य प्रभार शामिल हैं। नई टैरिफ में 10 पैसे प्रति यूनिट बढ़ने और अन्य प्रभार जोड़कर उपभोक्ता पर 30 रुपार का और भार बढ़ जाएगा। इस तरह उसे महीने का बिजली बिल 1354 रुपए देना होगा।

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण

100% CAMPUS PLACEMENT

पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग
(02 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : जी.एन.एम.उत्तीर्ण एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण

जी.एन.एम. नर्सिंग
(03 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण



रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग
मॉडल टाउन, नेहरू नगर (पूर्व) भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
9300558900, 9300509100

## खबर संक्षेप

### अंजोरा के शीतला मंदिर में चोरी

**अंजोरा।** ग्राम के शीतला मंदिर में अज्ञात चोरों ने बीती रात चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर मंदिर से एक साउंड बॉक्स, दान पेटी और माता का सोने की तीन पत्ती चोरी कर ले गए। चोर लगभग 25 से 30 हजार का समान ले गए है। मंदिर समिति ने पुलिस चौकी अंजोरा में घटना की रिपोर्ट दर्ज करा दिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है।

### मारवाड़ी धर्मशाला समिति के चुनाव जल्द

**डोंगरगढ़।** अग्रवाल सभा डोंगरगढ़ के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण अग्रवाल ने विज्ञप्ति में बताया कि मारवाड़ी धर्मशाला के चुनाव इस माह के अंतिम सप्ताह या सितंबर के प्रथम सप्ताह में होगा। मारवाड़ी धर्मशाला में तीन श्रेणियों में 11 सदस्यों का चुनाव होना हैं। संरक्षण श्रेणी में 5, आजीवन श्रेणी में 3 एवं साधारण श्रेणी में 3 सदस्यों के चुनाव होंगे। चुनाव में अग्रवाल, ओसवाल एवं माहेश्वरी समाज के मतदाता भाग लेंगे। वर्तमान में अध्यक्ष किशन अग्रवाल हैं। उन्होंनें चुनाव कराने की जिम्मेदारी तीनों समाज के अध्यक्ष की उपस्थिति में दी हैं। चुनाव के लिए समिति का गठन किया गया हैं जिसमें सिद्धगोपाल नरेड़ी, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, किशन अग्रवाल, महेन्द्र अग्रवाल, संजय नरेड़ी, सुनील तापड़िया अध्यक्ष माहेश्वरी समाज, मनोज भंडारी अध्यक्ष ओसवाल समाज, मनीष दरगढ़, प्रणय अग्रवाल सहित अन्य शामिल हैं।

### ताइक्वांडो में शौर्य का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**डोंगरगढ़।** खालसा पब्लिक स्कूल डोंगरगढ़ की कक्षा 12वी वाणिज्य संकाय के छात्र शौर्य मिश्रा ने सीबीएसई जोनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता मे भाग लिया। बीते दिनों मेघालय की राजधानी शिलांग में आयोजित ताइक्वांडो प्रतियोगिता में शौर्य मिश्रा ने सिल्वर मेडल जीत कर नेशनल खेल में जगह बनाया। वह इससे पूर्व भी विभिन प्रतियोगिता में मेडल प्राप्त कर चुका है। शौर्य को माता-पिता, विद्यालय परिवार ने बधाई दी है।

### तुलसी जयंती पर रंगारंग आयोजन

**डोंगरगढ़।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ में तुलसीदास जयंती धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रकाश यादव, आचार्य सुरेश वैष्णव, थैलेश साहू, बोधन भारद्वाज एवं देवीसिंह ठाकुर शामिल हुए। पूजा अर्चना के बाद भैया बहनों ने सुमधुर भजन प्रस्तुत किया। तत्पश्चात गीत, कहानी, कविता, दोहा की प्रस्तुति निशांत जैन, दीक्षा मेश्राम, रविंद्र यादव, ईशिका महोबिया, रेयान देवांगन, माधुर्य देवांगन ने दिया।

### जयंती समारोह आज से आलीवारा में

**तुमड़ीबोड़।** श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान जिला ईकाई राजनांदगांव के तत्वावधान में दो दिवसीय तुलसीदास जन्मोत्सव का आयोजन 2 एवं 3 अगस्त को आलीवारा में रखा गया है। विधायक दलेश्वर साहू के फार्म हाउस में आयोजित कार्यक्रम में सभी ब्लाक की दो मानस मंडली तथा दो प्रवक्ता शामिल होंगे। पहले दिन 2 अगस्त को विधायक दलेश्वर साहू ध्वजारोहण एवं दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ करेंगे।

**बैठक :** डीईओ ने ली जिले के चारों विकासखंड के बीईओ, बीआरसी, संकुल समन्वयकों और संकुल प्राचार्यो की बैठक

# शिक्षक दैनंदिनी का अनिवार्य रूप से करें संधारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा





एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता वर्ष के अंतर्गत जिले के चारों विकासखंड के प्राचार्यों एवं संकुल समन्वयक बीआरसी एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारियों की आवश्यक बैठक रखी गई। इस बैठक में शैक्षणिक सत्र 2025-26 को छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी और महत्वपूर्ण योजना मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता वर्ष के रूप में मनाने विस्तार से चर्चा की गई और रणनीति बनाई गई। इसके साथ-साथ उनके क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. कमल कपूर बंजारे ने दिये।

- अब हर महीने संकुल के सर्वश्रेष्ठ शिक्षक और सर्वश्रेष्ठ संकुल समन्वयक को पुरस्कृत किया जाएगा

बैठक की शुरुआत सहायक संचालक बेमेतरा एसपी कोशले ने की। सहायक संचालक द्वारा प्राचार्य और संकुल समन्वयकों से कहा कि आगामी माह में इंस्पायर अवार्ड के अंतर्गत प्रत्येक विद्यालय से पांच बच्चों का चयन करते हुए उनका ऑनलाइन सबमिशन करना सुनिश्चित करें। आगामी अगस्त महीने में आयोजित होने वाले पीटीएम बैठक का आयोजन जिसमें मासिक आकलन के पश्चात बच्चों की ग्रेडिंग करते हुए उनकी जानकारी से पालकों अवगत कराते हुए वृहद रूप से पेटीएम का आयोजन करें। यह आयोजन तीन चरणों में किया जाएगा। जिसमें अगस्त महीने में प्रथम एवं तिमाही परीक्षा के 10 दिवस पश्चात द्वितीय, और छमाही परीक्षा के 10 दिवस पश्चात तृतीय पेटीएम बैठक अनिवार्य रूप से लिया जाए। इसके लिए आवश्यक जानकारी प्रदान किया गया। साथ ही साथ निःशुल्क पाठ्यपुस्तक के अंतर्गत स्कैनिंग की कार्यवाही को भी 100 प्रतिशत पूर्ण करने हेतु आवश्यक जानकारी समस्त प्राचार्य और संकुल समन्वयकों को प्रदान करते हुए निर्देशित किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे द्वारा समस्त प्राचार्य और समन्वयकों को आगामी माह में आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अंतर्गत सामाजिक अंकेक्षण जिसमें समस्त विद्यालय की सहभागिता होगी और विभिन्न स्तर के अधिकारियों द्वारा प्राथमिक से लेकर हाईस्कूल, हायर सेकंडरी तक सामाजिक अंकेक्षण के अंतर्गत विद्यालय के विभिन्न क्षेत्रों का मूल्यांकन करते हुए ग्रेडिंग किया जाएगा। इस ग्रेडिंग के आधार पर उस विद्यालय में विभिन्न प्रकार की क्रियान्वयन आयोजित की जाएंगी। जिससे उस विद्यालय की स्थिति में सुधार आ सके तथा साथ ही साथ कक्षा 12वीं के विभिन्न बच्चों को प्रतियोगिता परीक्षाओं की जानकारी भी प्रदान करने हेतु समस्त प्राचार्य को निर्देशित किया। जादुई पिटारा के क्रियान्वयन, मरम्मत हेतु विद्यालय का जानकारी, और 26 बिंदुओं की जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा निर्देश प्रदान किया गया एवं साथ ही साथ शिक्षक दैनिंदनी अनिवार्य रूप से बनाने, प्रार्थना के समय बच्चों से सुविचार, उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम में विशेष प्रकार से सहभागिता साथ ही साथ खेल कैलेंडर एवं खेल कैलेंडर के अनुसार प्रतिभावान बच्चों को एक नया प्लेटफार्म प्रदान करने हेतु आवश्यक निर्देश समस्त प्राचार्य को प्रदान किया गया। इस वर्ष छत्तीसगढ़ शासन की 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती वर्ष मनाएं जाना निश्चित किया गया है। जिसके तहत स्कूलों में 28 से लेकर 31अगस्त तक प्रथम चरण में और 1 सितंबर से 7 सितंबर तक दूसरे चरण में विभिन्न गतिविधि विद्यालय स्तर पर संपादित होनी है। जिसमें मुख्य रूप से पुस्तक वाचन वाचन, बाल पंचायत, वाद विवाद प्रतियोगिता, पूर्व छात्रों का अनुभव महत्वपूर्ण होगा, एवं जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा नवंबर में सेना भर्ती हेतु दुर्ग में एक प्रशिक्षण का आयोजन होगा जिसके लिए समस्त बच्चों को अवगत कराने हेतु आवश्यक जानकारी प्रदान करने हेतु निर्देश दिया गया। इस बैठक में एक बहुत ही महत्वपूर्ण पहल की गई। जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा निर्देश समस्त प्राचार्य एवं समन्वयक साथ ही साथ विकासखंड शिक्षा अधिकारी/ बीआरसी को जानकारी दिया गया जिसके अंतर्गत संकुल स्तर पर बेस्ट टीचर ऑफ़ द मंथ संकुल योजना की शुरुआत आज जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा किया गया। जिसके अंतर्गत एक महीने में संकुल के अंतर्गत जो शिक्षक विभिन्न क्षेत्रों में अच्छा कार्य करेगे। उन्हें विकासखंड के माध्यम से प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। यह योजना लगातार प्रति माह चलती रहेगी।

जिसमें संकुल समन्वयक भी अपनी सहभागिता प्रदर्शित कर सकते हैं। जिसके अंतर्गत बेस्ट संकुल समन्वयक इन दिस मंथ इस थीम पर भी प्रतिमाह विकासखंड कार्यालय एवं बीआरसी कार्यालय के माध्यम से ऐसे शिक्षक और संकुल समन्वयक को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। विकासखंड में सम्मानित होने वाले शिक्षक को जिला स्तर पर भी सम्मान प्रदान करते हुए मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण पुरस्कार या अन्य पुरस्कारों के लिए भी इन्हीं शिक्षकों को आगे आमंत्रित किया जाएगा। अतः इस तरह से संकुल समन्वयक एवं संकुल प्राचार्य की आवश्यक मीटिंग हुआ। जिसमें मुख्य रूप से जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे, सहायक संचालक एसपी कोशले एवं चारों विकासखंड के शिक्षा अधिकारी तथा चारों बीआरसी एवं 167 संकुल प्राचार्य एवं संकुल समन्वयक ने अपनी उपस्थिति प्रदान किये।

## कृषि शिक्षा में डॉ. वर्मा का अनुसंधान है उल्लेखनीय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र ढोलिया बेमेतरा में पौधों विज्ञान विभाग के प्रोफेसर डॉ. केपी वर्मा के सेवानिवृत्त पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। डॉ. वर्मा ने 1989 से शिक्षकीय जीवन की शुरुआत की थी और तीन दशकों तक इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में सेवाएं दीं। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. संदीप भंडारकर ने कहा कि डॉ. वर्मा का योगदान अनुसंधान और शिक्षण दोनों में उल्लेखनीय रहा है। उन्होंने अलसी और सोयाबीन की रोग-रोधी किस्में विकसित कीं, ट्राइकोडर्मा तकनीक, बायोकंट्रोल लैब, मशरूम उत्पादन और बायोवेस्ट डीकंपोजर निर्माण जैसे नवाचार किए। सेवा काल में उन्होंने 30 एम.एस.सी. और 10 पीएच.डी. छात्रों का मार्गदर्शन किया और तीन वर्षों तक अधिष्ठाता पद पर रहते हुए महाविद्यालय में कई विकास कार्य कराए। इस अवसर पर डॉ. तोशन ठाकुर, डॉ. टीडी साहू सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। डॉ. वर्मा की पत्नी गीता वर्मा ने कविता के माध्यम से शुभकामनाएं दीं। सभी ने डॉ. वर्मा को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## शिक्षक निर्मलकर ने 200 बच्चों को बांटी टाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला खपरी धोबी विकासखंड साजा के कक्षा पहली से आठवीं तक के सभी 200 बच्चों को सहायक शिक्षक सरजू निर्मलकर द्वारा टाई वितरण की गई। सभी बच्चे टाई पाकर बहुत खुश हुए। बच्चों ने शिक्षक सरजू निर्मलकर को प्रणाम व धन्यवाद दिया। शिक्षक सरजू निर्मलकर ने कहा कि हमारे खपरी स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिका बहुत अच्छे है। आज स्कूल की सुन्दरता देखते बनता है। बहुत सुन्दर सुन्दर पेड़ लगे हैं, जो विद्यालय परिसर को सुशोभित कर रहे हैं। शाला परिसर की शोभा बढ़ा रहे हैं। इस विद्यालय की सभी शिक्षक शिक्षिका हमेशा विद्यालय हित, बच्चों हित में ही बात करते हैं। और आप सभी बच्चे बधाई के पात्र हो की हमारे प्रधान पाठक के रूप में बहुत ही अच्छे और बहुमुखी प्रतिभा के धनी शिक्षक मिला है, जो रोजाना बच्चों के हित में ही इस विद्यालय में कार्य करते हैं। विद्यालय की समस्या और उनके समाधान के लिए समुदाय से बात करते रहते हैं और उनका हल भी निकालते है। आज एक शिक्षक के रूप में शासकीय प्राथमिक शाला करमू में पदस्थ हूं। आप सभी अच्छे से पढ़ना लिखना और विद्यालय का, शिक्षक शिक्षिकाओं का, माता पिता और गांव का नाम रौशन करना।

शिक्षक तारकेश्वर निर्मलकर व थूकेल राम तारम ने सरजू निर्मलकर को एक कर्तव्य निष्ठ शिक्षक बताये और कहा जिस स्कूल में पढ़ाई लिखाई किया है वहां के बच्चों को टाई वितरण कर गुरू दक्षिणा का फर्ज निभा दिया। इसी कड़ी में शिक्षिका रूखमणी सेन इस सराहनीय कार्य के लिए धन्यवाद कहा। आभार व्यक्त करते हुए प्रधान पाठक धनेश रजक ने धन्यवाद देते हुए कहा कि हमारे सरजू निर्मलकर भाई जो आज केवल प्राथमिक नहीं, मिडिल स्कूल सहित पूरे दो सौ बच्चों को टाई वितरण किये हैं। वितरण के समय धनेश रजक, तारकेश्वर निर्मल, थुकेल राम तारम, रूखमणी सेन, विजय लक्ष्मी रावत, चंद्र शेखर कश्यप, गुनिता निर्मल, यामिनी निर्मल व सभी छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## शिवशक्ति महिला समूह ने मनाया सावन उत्सव



**बेमेतरा/दाढ़ी।** सावन मास पर गुरुवार को शिवशक्ति महिला समूह द्वारा जैन भवन में भव्य सावन उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समूह की सभी सदस्य सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। महिलाएं पारंपरिक हरे वस्त्रों में सजकर पहुंचीं, जिससे आयोजन स्थल हरियाली और उल्लास से भर गया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम, गीत-संगीत, खेल प्रतियोगिताएं और झूला झूलने जैसी पारंपरिक गतिविधियां आयोजित की गईं। महिलाओं ने उत्साह से भागीदारी निभाई। सोलह श्रृंगार प्रतियोगिता में भारती गुप्ता, डांस में अप्पी त्रिपाठी और खेल प्रतियोगिता में स्वेता गुप्ता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

उत्सव में कांता त्रिपाठी, रेखा अग्रवाल, नीरजा साहू, बिनु गुप्ता, सीमा गुप्ता, बिना तिवारी, पूजा गुप्ता, रिंकी कौशल, अल्का गुप्ता, सोनू अग्रवाल, पूजा वाजपेयी सहित समूह की सभी सदस्य उपस्थित रहीं।

## जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बसोड़ की सेवानिवृत्त होने पर दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक कुमार बसोड के 31 जुलाई को सेवानिवृत्त होने पर सीएमएचओ,सिविल सर्जन ,सभी ब्लॉक के बीएमओ सहित अधिकारी कर्मचारियों द्वारा भाव पूर्ण विदाई दी गई। यह कार्यक्रम बेमेतरा के टाउन हॉल में आयोजित किया गया था। सीएमएचओ बेमेतरा डॉ अमृत लाल रोहलेडर ने जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक कुमार बसोड के स्वस्थ्य एवं सुदीर्घ जीवन की कामना की। वे अब अपने परिवार को भरपूर समय दे पाएंगे। उल्लेखनीय है कि जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक कुमार बसोड ने स्वास्थ्य विभाग में लगभग 38 वर्ष अपनी सेवाएं दी। इस दौरान छुरिया में इनका प्रथम नियुक्ति 18 जुलाई 1987 से मार्च 2019 तक सेवाएं प्रदान कर मार्च 2022 में डोंगरगांव, छुरिया और डोंगरगांव में स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न पद पर पदस्थ थे,फिर अक्टूबर 2022 से मार्च 2024 तक सीएमएचओ राजनांदगांव पद पर पदस्थ रहे, इन्होंने मार्च 2024 में जिला स्वास्थ्य अधिकारी बेमेतरा के पदभार ग्रहण कर साथ में कुछ समय प्रभारी सीएमएचओ दायित्व को भी निर्वहन किया,

- श्रीफल, शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर किया गया सम्मान

सीएमएचओ डॉ अमृत लाल रोहलेडर ने श्रीफल, शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका सम्मान किया। सिविल सर्जन डॉ लोकेश साहू ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में सेवा के दौरान अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। अपने सेवा के दौरान जिला स्वास्थ्य अधिकारी पद पर रहकर डॉ अशोक कुमार बसोड ने मुस्तैदी से अपनी ड्यूटी निभाई सेवा के दौरान अपनी कार्यकुशलता का परिचय देते हुए कार्य किये। पूर्व सीएमएचओ डॉ यशवंत कुमार ध्रुव,बीएमओ खण्डसरा डॉ शरद कोहाड़े,बीएमओ बेरला डॉ कुंजम बीएमओ साजा डॉ अश्वनी वर्मा,बीएमओ नवागढ़ डॉ रजा ने कहा कि जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक कुमार बसोड ने स्वास्थ्य विभाग में शालीन एवं मुस्तैदी से अपनी ड्यूटी निभाई स्वास्थ्य विभाग में संवेदनशील होकर ड्यूटी करनी पड़ती है। इसका उन्होंने बखूबी निर्वहन किया। स्वास्थ्य विभाग जिला बेमेतरा परिवार की ओर से हम उनके स्वस्थ्य, दीर्घायु एवं सुखमय जीवन की कामना करते है।

जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक कुमार बसोड ने अपने सेवाकाल के दौरान अपने खट्टे मीठे अनुभव को साझा किया। उन्होंने कहा कि अपने वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन एवं स्टाफ से मिले भरपूर सहयोग से अपनी ड्यूटी तत्परतापूर्वक निभाई इसके लिए उन्होंने अपने स्वास्थ्य विभाग स्टाफ का धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ अमृत लाल रोहलेडर,पूर्व सीएमएचओ डॉ यशवंत कुमार ध्रुव,सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ लोकेश साहू नोडल अधिकारी डॉ बी एल राज,डीपीएम सुश्री लता बंजारे बीएमओ समस्त ब्लॉक ,ललित वर्मा, रमजान मोहम्मद, डी ए एम कश्यप, बीपीएम समस्त ब्लॉक,एवं सेवानिवृत्त डॉ अशोक बसोड़ परिवार सहित सीएमएचओ कार्यालय के अधि./कर्मचारी उपस्थित रहे।

## डिजिटल अरेस्ट के आरोपी को पुलिस ने राजस्थान से किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

दुर्ग पुलिस ने मुंबई पुलिस का अधिकारी बनकर एक बुजुर्ग महिला को डिजिटल अरेस्ट करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने महिला से पूरे 22 लाख रुपए की ठगी की। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

जानकारी के मुताबिक सुभाषीनी जैम्स ने 2 जुलाई 2025 को पद्मनाभपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके मोबाईल एक वाट्सअप कॉल आया था। कॉलर ने अपने आपको मुंबई पुलिस का अधिकारी बताया। उसने महिला से कहा कि उसके खाते में हवाला के जरिए 6 करोड़ 80 लाख रुपये जमा हुए हैं। इसलिए उसे गिरफ्तार करना होगा। महिला ने आरोप को गलत बताया तो अधिकारी ने महिला से कहा कि उन्हें इन्वेस्टीगेशन के लिए मुंबई आना पड़ेगा। इस पर बुजुर्ग महिला डर गई और मुंबई नहीं आ पाने की बात कहने लगी। इससे अधिकारी ने महिला को डराया कि वो उसके सामने वीडियो कॉल पर ही रहे। उनकी टीम दुर्ग के लिए निकल गई है। दो घंटे में उसके घर पहुंच रही है। इससे महिला डर गई और डग के झांसे में आ गई।

महिला ने अधिकारी के कहने पर 1 जुलाई को आरटीजीएस के माध्यम से एफडी तुड़वाकर उसके खाते में 22 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद भी ठग चुप नहीं हुआ और महिला को धमकी देकर बार-बार पैसा मांग रहा था। इस पर महिला ने अपनी बहन के लड़के प्रतुल दास को ये बात बताई। जब प्रतुल ने ठग से बात की तब महिला को पता चला कि उसके साथ ठगी हुई है। इसके बाद उसने मामले की शिकायत दर्ज कराई।

कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक, छात्र संघ प्रतिनिधियों को दिलायी शपथ

# सरदा स्कूल के छात्रों ने रोपे विभिन्न प्रकार के पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरदा विकासखंड बेरला में विभिन्न प्रकार के पौधे, जिसमें नीम, आंवला, कदंब, गुलमोहर, जामुन, अनार, आम जैसे पौधों का रोपण किया गया।

यह कार्य विद्यालय के 800 विद्यार्थियों, समस्त स्टॉफ, गणमान्य नागरिकों और मुख्य अतिथि के रूप के तौर विधायक दीपेश साहू द्वारा किया गया। इस पौधरोपण को संस्था के प्राचार्य लक्ष्मी नारायण गायकवाड़, प्रधान पाठक रामकुमार डड़सेना एवं इको क्लब प्रभारी जागेश्वर प्रसाद यादव के निर्देशन में किया गया। पौधारोपण के अलावा संस्था में छात्र प्रतिनिधि के रूप में चुने गए छात्र संघ के सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। इसमें कक्षा 12वीं से डूमेश साहू शाला नायक बने एवं निधि साहू शाला नायिका बनीं। समीर उपशाला नायक, पूर्वा उपशाला नायिका, इंद्रजीत और काजल अनुशासन नायक नायिका, कोमल और डोमीन क्रीड़ा, धनंजय और रेशमी सांस्कृतिक, विवेकानंद और पामनी विज्ञान, खिलेश्वर और असलेखा पर्यावरण, प्रीतम और राजकुमारी सुरक्षा, ऋतिक और तनु रेडक्रॉस, मिथलेश और भूमिका एन एस एस, दुर्गेश और ममता स्काउट एवं गाइड, हेमंत और दुर्गेश्वरी रोवर रेंजर, तथा ओमिन और वीनू निर्धन छात्र कोष नायक नायिका बने। प्राचार्य द्वारा सभी को शपथ दिलायी गई। सभी प्रतिनिधियों को सरपंच ग्राम पंचायत सरदा गौरी बाई नेताम, जनपद पंचायत सदस्य प्रतिनिधि लालू साहू, शाला विकास समिति के अध्यक्ष भारत कौशले, मनीराम साहू एवं विनोद कुमार नेताम द्वारा बैच लगाकर पदभार दिलाया गया। इसके अलावा गोस्वामी तुलसीदासजी एवं मुंशी प्रेमचंदजी का जन्म उत्सव भी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य द्वारा दीपेश साहू के समक्ष विभिन्न समस्याओं को रखा और मांग की, जिसमें पानी की समस्या एवं शौचालय की मांग की गई। किचन शेड की मांग की गई। संस्था के लिए चपरासी की मांग की गई। अतिरिक्त कक्ष की मरम्मत की भी मांग रखी गई। साथ ही संस्था में संचालित एनएसएस, स्काउट गाइड और इको क्लब की गतिविधियों तथा शैक्षणिक गतिविधियों से भी विधायक दीपेश साहू को अवगत कराया गया और उपलब्धियां भी गिनाई। विधायक दीपेश साहू ने अपने उद्बोधन में इन सभी मांगों को जल्द से जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया, और विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम वाले विद्यार्थियों को सम्मान राशि देकर प्रोत्साहित किया। यह सारे कार्यक्रम विधायक बेमेतरा दीपेश साहू के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में सूर्यकांत साहू वरिष्ठ समाजसेवी, रेख राम साहू, उप सरपंच ग्राम पंचायत सरदा सुरीत राम साहू, अरुण साहू, संदीप साहू, दीनानाथ साहू, रोहित साहू, पूर्व शिक्षक ओंकार साहू एवं समस्त स्टाफ के सदस्य रमाशंकर बंछोर, महेंद्र कुमार गौतम, हितेंद्र कुमार पाटिल, अरुण वर्मा, अजीत कुमार वर्मा, एमेन कुमार सोनवानी, दीपक साहू, रविंद्र कुमार महानंदे, सोमप्रभ श्रीवास, खेमेन्द्र कुमार चंद्राकर, अखिलेश परगनिहा, भक्तराम साहू, कविता देवांगन, योगिता देवांगन, सावित्री सियारे, श्वेता साहू, स्मिता सोनवानी, डोनी साहू, प्रियंका साहू, कमलेश्वर साहू, रोमन लाल साहू, अमित कुमार साहू, देहुती रानी वर्मा, चंद्रप्रभा पाटिल आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जागेश्वर प्रसाद यादव ने किया।

